उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार
UTTRAKHAND SANSKRIT UNIVERSITY,HARIDWAR
बहादराबाद, हरिद्वार–दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग,
HARIDWAR-DELHI NATIONAL HIGHWAY
पो0–बहादराबाद (हरिद्वार) 249402
P.O. : BAHADARABAD (HARIDWAR)-249402
E-mail : registrar@usvv.ac.in Website : www.usvv. ac.in

दिनांक 28 फरवरी, 2023

प्रेस विज्ञप्ति
शिक्षाशास्त्री (बी0एड0) प्रवेश सूचना शैक्षिक सत्र 2023–25

इस विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023–25 के शिक्षाशास्त्री (बी.एड.) पाठ्यक्रम की पारम्परिक एवं आधुनिक धारा (स्नातक संस्कृत विषय सहित) से सम्बद्ध संस्कृत छात्रों के लिए 50 सीटों पर प्रवेश हेतु एतद्द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड कर सामान्य, EWS एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु रू 600.00 (छः सौ रूपये मात्र) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु रू. 300.00 (तीन सौ रूपये मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट लगाकर भरे जा सकते हैं। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अन्तिम तिथि 30 अप्रैल, 2023 सायं 05:00 बजे तक प्रेषित किये जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा दिनांक 21 मई, 2023 को प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, परिसर, हरिद्वार में आयोजित की जायेगी। अपरिहार्य कारणों से यदि परीक्षा तिथि तथा परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना प्रवेश पत्र/वेबसाईट द्वारा दी जायेगी।

आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षिक अंक पत्र, प्रमाण पत्र, स्थाई निवास/मूल निवास व अधिभार संबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रति स्वयं प्रमाणित कर **निर्धारित शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट बनाकर (वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के नाम) अथवा वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के बैंक अकाउण्ट संख्या–50100058601274 आई.एफ.एस.सी. कोड–HDFC0000943 में ऑनलाइन/नेट बैंकिंग के द्वारा भुगतान** कर उसकी रसीद आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर कुलसचिव, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार–दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग, बहादराबाद, हरिद्वार पिनकोड –249402 के पते पर अन्तिम तिथि तक भेजें।

अर्हता – शास्त्री/बी.ए. (संस्कृत विषय सहित) अथवा आचार्य/एम.ए. (संस्कृत विषय में) न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों सहित। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 05 प्रतिशत की छूट होगी। आरक्षण राज्य सरकार के नवीनतम शासनादेशों के अनुसार दिया जायेगा।

निर्देश – प्रवेश संबंधी विस्तृत विवरण प्रवेश विवरणिका में देखें।

(गिरीश कुमार अवस्थी)
कुलसचिव